Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 03-05-2007

Participants : Bhagora Shri Mahaveer

Title: Need to take steps for providing toilet facility for girl students in primary & Upper primary schools in the Country.

श्री महावीर भगोरा (सलूम्बर) : महोदय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में आजादी के 59 वर्ाों के बाद भी 6.20 लाख प्राथमिक एवं उच्च विद्यालयों में छात्राओं के लिए अलग से शौचालय नहीं है। मंत्रालय, यूनिसेफ और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एजूकेशन प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (न्यूपा) द्वारा कराए गए सर्वेक्षण से यह निर्का सामने आया है।

सर्वेक्षण के अनुसार भारत में महज 37.42 फीसदी स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग से शौचालय है, जो चिन्ता का विाय है। इससे अधिक चौंकाने वाला तथ्य यह है कि 19 राज्य ऐसे हैं, जहां 25 प्रतिशत से कम स्कूलों में ही यह सुविधा उपलब्ध है। मेघालय, असम, छत्तीसगढ़, अरूणाचल प्रदेश, बिहार एवं उड़ीसा में 7 प्रतिशत से 12.4 प्रतिशत स्कूलों में यह सुविधा उपलब्ध है।

इस अत्यंत लोक महत्व के प्रश्न पर माननीय मानव संसाधन मंत्री महोदय/प्रधानमंत्री महोदय का ध्यान आकर्ाित कर शीघ्र छात्राओं हेतु अलग से शौचालयों के निर्माण कराने की ओर आकर्ाित करता हूं।